मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 8, मुंबई, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई में बम धमाके की आतंकी साजिश




## कल्याण स्टेशन के बाहर मिले 54 डेटोनेटर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के करीब कल्याण रेलवे स्टेशन पर विस्फोट के लिए इस्तेमाल होने वाला डेटोनेटर मिलने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, कल्याण जंक्शन स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के बाहर भारी मात्रा में डेटोनेटर मिले हैं। स्टेशन परिसर में रखे बॉक्स से करीब 54 डेटोनेटर की छड़ें बरामद हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास डेटोनेटर की 54 छड़ें मिली हैं। डेटोनेटर की छड़ें पीपल के पेड़ के नीचे बॉक्स में रखे गए थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

हालांकि, पुलिस ने किसी और संभावना से इंकार नहीं किया है। पुलिस इस मामले की हर एक एंगल से जांच कर रही है। पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इतनी भारी मात्रा में बारूद लाने वाले संदिग्ध व्यक्ति को खोजा जा रहा है।





# पुणे बन रहा 'उड़ता पंजाब'

## 4000 करोड़ की 2 हजार किलो एमडी ड्रग्स जब्त!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की पुणे पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पुणे पुलिस ने तीन दिन में 4000 करोड़ रुपये की 2000 किलो एमडी ड्रग्स जब्त की है। पुणे पुलिस की विभिन्न टीमों ने पुणे, विश्रांतवाडी, कुरकुंभ, दौंड और राजधानी दिल्ली में ड्रग्स के खिलाफ ऑपरेशन चलाया। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### नमक के पैकेट में छुपाया ड्रग्स

पिंट्या माने और हैदर शेख पिछले साल पुणे की येरवडा सेंट्रल जेल से रिहा हुए थे। इसके बाद से दोनों ड्रग्स बेचने का काम करने लगे। आरोप है कि दोनों युवाओं और छात्रों को निशाना बनाते थे और पुणे में बड़ी मात्रा में ड्रग्स बेचते थे। पुणे में देशभर से लाखों छात्र पढ़ने के लिए आते है, जबकि हजारों की संख्या में बाहर से आये युवा यहां नौकरी करते है। हैदर ने पुलिस से बचने के लिए ड्रग्स को नमक के पैकेट में छिपाया था।

# आज से हड़ताल पर महाराष्ट्र के 8000 डॉक्टर




## अस्पतालों में काम ठप, मरीजों को होगी भारी दिक्कत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है। नोटिस जारी कर डॉक्टर्स ने कहा कि 22 फरवरी यानी आज शाम 5 बजे से महाराष्ट्र रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि इमरजेंसी पेशेंट्स को डॉक्टर देखेंगे लेकिन बाकी मरीजों को जो परेशानी होगी उसकी जिम्मेदार सरकार होगी। एमएआरडी अध्यक्ष डॉक्टर अभिजीत हेल्गे ने नोटिस जारी कर इस बात की जानकारी दी और बताया कि आखिर क्यों वो केंद्र सरकार से निराश हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

**मंत्री को लिखी चिट्ठी :** अपनी मांगों को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने स्वास्थ्य मंत्री को चिट्ठी लिखी। उन्होंने तीन पन्नों की लंबी चिट्ठी में लिखा कि ह्लहम सेंट्रल एमएआरडी, राज्य भर के रेजिडेंट डॉक्टरों की प्रतिनिधि संस्था, महाराष्ट्र राज्य के रेजिडेंट डॉक्टरों से किए गए वादों को पूरा करने की ओर से गंभीरता की कमी से बेहद निराश हैं। हमें आश्वासन दिलाया गया था कि हमारी मांगों को दो दिनों में पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन दो हफ्तों के बाद भी हमारी मांगों पर कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा, हमने सरकार की बातों पर पहले भी भरोसा जताया था और कई बार अपनी हड़ताल को वापस लिया था।

## हमारी बात

### पश्चिम में न दम, न शर्म!

इजराइल जिद पर अड़ा हुआ है और बेंजामिन नेतन्याहू की बेरहमी कायम है। इजराइल की सेना के हाथों अब करीब 30,000 फिलिस्तीनी अपनी जान गंवा चुके हैं। समुद्र से घिरे गाजा इलाके में मरने वालों में से दो-तिहाई से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों अन्य मलबे में दफन हैं। इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 88 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। गाजा के कत्लेआम का सीधा प्रसारण टेलिविजनों और मोबाईलों पर हो रहा है बावजूद इसके दुनिया के सारे नेता बेबस हैं। पश्चिमी देश झ जो अपने आप को वैश्विक मूल्यों के हिमायती बताते हैं और कायदे-कानून के मुताबिक शासन चलाने की वकालत करते हैं - गाजा युद्ध को रूकवाने में नाकाम रहे हैं। नेतन्याहू को रोक पाने में उनकी नाकामयाबी से साफ है कि पश्चिम और उसके नेताओं का दबदबा और ताकत घटती हुई है। विदेशी मामलों और सुरक्षा नीति के यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि जोसेफ बोरेल ने कुछ महीने पहले माना था कि गाजा का हाल का घटनाक्रम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नैतिक और राजनीतिक असफलता का नतीजा है उन्होंने कहा था कि कई दशकों से करीब-करीब पूरी दुनिया दो देश बनाकर इस समस्या का हल निकलने की बात करती आ रही है। लेकिन सिर्फ बातें हुई। समस्या को हल करने के लिए कोई कोशिश नहीं की गयी। बोरेल और कई अन्यों के मुताबिक इस स्थिति के लिए अमेरिका काफी हद तक जिम्मेदार है। लम्बे समय तक अमरीका के राष्ट्रपतियों की नीति रही है नरमी से बात करो और हाथ में एक मोटा डंडा रखो इसके उलट, इस बार जो बाईडन ने बात सख्ती से की लेकिन उनके हाथों में डंडा नहीं था। अमेरिका एक अस्थायी युद्धविराम चाहता है जिसके दौरान इजराइली बंधकों की रिहाई हो और गाजा तक पर्याप्त सहायता सामग्री पहुँच जाए। लेकिन यह बाईडन प्रशासन की नाकाबिलियत या शायद कायरता है कि वह नेतन्याहू और उनके अति-दक्षिणपंथी सहयोगियों की रजामंदी में नाकाम है। पिछले हफ्ते बैंजामिन नेतन्याहू ने काहिरा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के सम्बन्ध में समझौता वाताओं से अपने प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलवा लिया। इससे देश में बंधकों के परिवारों में गुस्सा बढ़ा और और इजराइल के दोस्त देशों की चिंता बढ़ी। खबरों के मुताबिक नेतन्याहू अपने मंत्रिमंडल के अतिवादी सदस्यों की इस धमकी के आगे झुक गए है कि यदि उन्होंने उतावलेपन में हमास के साथ कोई समझौता किया तो उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ेगा।

# अमीन सयानी की आवाज महज एक आवाज नहीं थी, एक शक्ति थी

## ...जो श्रोताओं को सादगी और आकर्षण के बीते युग में ले जाती थी: रिदम वाघोलिकर

**प्रसिद्ध** रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी ने इस नश्वर क्षेत्र को अलविदा कह दिया। सात दशकों से अधिक के करियर में, सयानी की आवाज आकाशवाणी में गूंजती रही, जिसने दुनिया भर के श्रोताओं के दिल और दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ी। जैसा कि हम उनकी अद्वितीय विरासत पर विचार करते हैं, हम उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिनकी आवाज वास्तव में पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक पुल थी।





लेखक और साक्षात्कारकर्ता रिदम वाघोलिकर, जिन्हें अपनी पुस्तकों के लिए सयानी के साथ बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, अस्सी के दशक के अंत में भी सयानी के पास मौजूद ज्ञान और अंतर्दृष्टि को दर्शाते हैं। वाघोलिकर जोर देकर कहते हैं, प्रसारण की दुनिया में अमीन सयानी का योगदान अतुलनीय है। उनके साथ मेरी बातचीत में, मैं उनकी विनम्रता और उनकी कला के प्रति जुनून से प्रभावित हुआ। उनकी आवाज महज एक आवाज नहीं थी; यह एक ऐसी शक्ति थी जो समय और स्थान से परे थी और श्रोताओं को सादगी और आकर्षण के बीते युग में ले गई।" दरअसल, सयानी की समृद्ध मध्यम आवाज और विशिष्ट शैली ने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया, जिससे उन्हें दशकों तक समर्पित अनुयायी अर्जित हुए। उनके प्रतिष्ठित शो बिनाका गीतमाला से लेकर उनके यादगार फिल्मी कथनों तक, सयानी की आवाज भारतीय लोकप्रिय संस्कृति के पूरे युग का पर्याय बन गई। सयानी का प्रभाव प्रसारण के दायरे से बाहर तक फैला; वह एक सांस्कृतिक राजदूत थे जिनका प्रभाव सीमाओं से परे था। संगीत और कहानी कहने की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से श्रोताओं को एकजुट करते हुए, उनकी आवाज दक्षिण एशिया और उसके बाहर के घरों में एक परिचित उपस्थिति बन गई। वाघोलिकर कहते हैं, "जैसा कि हम अमीन सयानी को विदाई दे रहे हैं, हमें उस विरासत का भी जश्न मनाना चाहिए जो वह अपने पीछे छोड़ गए हैं। उनकी आवाज अब प्रसारित नहीं हो सकती है, लेकिन इसकी गूँज आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी, जो हमें कहानी कहने की शक्ति और एक आवाज के स्थायी प्रभाव की याद दिलाती रहेगी। वास्तव में, अमीन सयानी की आवाज बहुत याद की जाएगी, लेकिन इसकी गूंज आने वाले वर्षों में अनगिनत आत्माओं को प्रेरित और उत्थान करती रहेगी। जैसा कि हम उनकी स्मृति का सम्मान करते हैं, हमें यह जानकर सांत्वना मिलती है कि उनकी विरासत उन लोगों के दिलों में जीवित रहेगी जो उनकी अद्वितीय प्रतिभा और कालातीत ज्ञान से प्रभावित थे।

# सर्बानंद सोनोवाल ने 308 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया अनावरण

**मुंबई हलचल / संाददाता**

**गोवाहाटी।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग तथा आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में आज 308 करोड़ मूल्य की परियोजनाओं का अनावरण कर जलमार्गों के विकास पर जोर दिया है। इस सिलसिले में आज डिब्रूगढ़ के नजदीक बोगीबील, करीमगंज में बदरपुर, और ढुबरी में आईडब्ल्यूएआई बंदरगाह तथा त्रिपुरा में सोनामुरा में समारोह आयोजित किए गए। श्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज डिब्रूगढ़ के नजदीक बोगीबील पर पैसेंजर-एवं-कार्गो टर्मिनल, त्रिपुरा में सोनामुरा में अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल और असम स्थित करीमगंज एवं बदरपुर में उन्नत टर्मिनलों का किया उद्घाटन किया। यह टर्मिनल इस क्षेत्र में कार्गो और यात्रियों के आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जिससे व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। आज मंत्री महोदय ने ढुबरी में एक सीमा-शुल्क आप्रवासन कार्यालय तथा आईडब्ल्यूएआई जोगीघोपा टर्मिनल के लिए परिसर की दीवार के निर्माण की भी आधारशिला रखी। नव-निर्मित बागीबील टर्मिनल का निर्माण कार्य लगभग 50 करोड़ मूल्य के निवेश से किया जा रहा है।



इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में, हमारे देश के जलमार्गों के समृद्ध एवं जटिल नेटवर्क का विकास किया जा रहा है और इस सिलसिले में आज कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। मोदी की गारंटी से पूर्वोत्तर क्षेत्र के जलमार्गों को सक्षम बनाकर उन्हें विकसित भारत की दिशा में बढ़ावा दिया जा रहा है। बागीबील स्थित टर्मिनल क्षेत्र के आर्थिक विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे और ऊपरी असम तथा अरुणाचल प्रदेश में व्यापार के अवसरों को और मजबूत बनाएंगे। इसी तरह, त्रिपुरा स्थित सोनामुरा टर्मिनल से भारत एवं बांग्लादेश के बीच सीमा-परीय वाणित्य को बढ़ावा मिलेगा। करीमगंज और बदरपुर टर्मिनलों से भी वाणिज्य के अवसरों को बल मिलेगा। ये सभी परियोजनाएं पूर्वोत्तर को विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत के विकास के इंजन के तौर पर स्थापित करने की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दृष्टि को साकार करने में अहम साबित होंगी। केंद्रीय मंत्री श्री सबानंद सोनोवाल ने ढुबरी में 7.5 करोड़ की लागत से सीमा शुल्क आप्रवासन कार्यालय के निर्माण की आधारशिला भी रखी। इसी तरह, ग्वालपाड़ा, असम में जोगीघोपा टर्मिनल परिसर की दीवार का भी निर्माण किया जाएगा। जोगीघोपा, तेजपुर, बिश्वनाथघाट, नेमाटी, सादिया, बिंदाकोटा में 6 टूरिस्ट जेट्टियों का निर्माण किया जाएगा। इनमें से तीन का बंदोबस्त पहले ही किया जा चुका है और शेष तीन की व्यवस्था जल्द की जाएगी। यह प्रोजेक्ट एनडब्ल्यू-2 के साथ-साथ मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत बनाने के साथ-साथ कार्गो, यात्री परिवहन, नदी पर्यटन की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए शुरू किया जा रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मराठा आरक्षण पर मंडराया संकट

## बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर कोर्ट की चौखट पर पहुंच गया है। एक दिन पहले ही महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को 10 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक पारित करवाया था। इससे मराठा समुदाय को शिक्षा और रोजगार में 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। लेकिन अब मराठा आरक्षण के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। मराठा आरक्षण को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को 10 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश को फिलहाल निलंबित किया जाए। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त जस्टिस सुनील शुक्रे की नियुक्ति को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दरअसल मराठों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10 फीसदी आरक्षण देने के लिए लाया गया विधेयक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आधारित है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठा समुदाय पिछड़ा हुआ है। इसलिए 10 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश की गई है। राज्य में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। याचिकाकर्ता ने शुक्रे और आयोग के अन्य सदस्यों की नियुक्ति को चुनौती देते हुए उनकी नियुक्ति आदेश को रद्द करने की मांग की है। ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका में दावा किया गया है कि नियुक्ति कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई। याचिका में यह भी मांग की गई है कि मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश को रोका जाए। याचिका पर जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। रिटायर्ड न्यायमूर्ति शुक्रे की अध्यक्षता वाले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने हाल ही में मराठा समुदाय के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन पर एक रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी है। इसमें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई। हालांकि इस याचिका के कारण मराठा समुदाय के लिए 10 फीसदी आरक्षण लागू होने में देरी होने की संभावना है।



### विशेष सत्र में विधेयक हुआ पास

मराठा आरक्षण को मंजूरी देने के लिए 20 फरवरी को एकनाथ शिंदे सरकार ने विशेष सत्र बुलाया था। इससे पहले मसौदा रिपोर्ट को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दी और फिर यह मसौदा विधानमंडल में पेश किया गया। विधेयक में कहा गया है कि मराठा समुदाय के 84 प्रतिशत परिवार उन्नत श्रेणी में नहीं आते हैं। राज्य में आत्महत्या कर चुके किसानों में से 94 प्रतिशत मराठा समुदाय से थे। सदन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण को लेकर लिया गया फैसला ऐतिहासिक है। आरक्षण का यह फैसला साहसिक है। साथ ही यह आरक्षण न्यायालय में भी टिकेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की।

### मनोज जरांगे का अनशन जारी

इससे मराठा समुदाय को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया। मराठा समुदाय को सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, जिला परिषदों, मंत्रालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में 10% आरक्षण मिलेगा। लेकिन मराठा समुदाय को राजनीतिक आरक्षण नहीं मिलेगा। वहीं मराठा नेता मनोज जरांगे पाटील ने इसे धोखा बताया है। उन्होंने कहा कि मराठा समाज को ओबीसी के तहत आरक्षण मिलना चाहिए। इस मांग को लेकर मनोज जरांगे ने अपनी भूख हड़ताल जारी रखी है।

# कई किलो सोना पहनने वाले महाराष्ट्र के 'गोल्डमैन' का निधन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य बैलगाड़ी संघ के अध्यक्ष पंढरीनाथ फडके का दिल का दौरा पड़ने से आज (21 फरवरी) निधन हो गया। उन्होंने पनवेल के विहिघर में आखिरी सांस ली। पंढरीनाथ फडके सोना पहनने के बहुत शौक था। वह कई किलो सोने के आभूषण पहनकर बाहर निकलते थे। फडके को बैलगाड़ी रेसिंग का काफी क्रेज था। पंढरीनाथ फडके के निधन से महाराष्ट्र राज्य बैलगाड़ी संघ के साथ-साथ फडके परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। पनवेल के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। पूरे महाराष्ट्र में उन्हें 'गोल्डमैन' के नाम से जाना जाता था।





### 40 से ज्यादा रेसिंग बैल

पनवेल के विहिघर के रहने वाले पंढरीनाथ फडके को बैलगाड़ी दौड़ का बड़ा शौक है। यदि महाराष्ट्र में कहीं भी बैलगाड़ी दौड़ होती थी तो वह उस स्थान पर हाजिर रहते थे। इसके अलावा उनके पास 40 से अधिक रेसिंग बैल भी थे। सरकार द्वारा बैलगाड़ी दौड़ पर प्रतिबंध लगाने के बाद पंढरीनाथ फडके ने इसे फिर शुरू करवाने का प्रयास किया था। जिस स्थान पर बैलगाड़ी की दौड़ आयोजित होती थी, वहां पंढरीनाथ फडके धमाकेदार एंट्री करते थे। उनके गर्दन गले, हाथ और शरीर पर इतना सोना होता था कि सबकी नजर उन पर टिक जाती थी। इसलिए उन्हें महाराष्ट्र का गोल्डमैन भी कहा जाता था।

### 'नंबर वन बैल सिर्फ पंढरीसेठ की'

पंढरीनाथ फडके दौड़ में जीतने वाले बैल पर नजर रखते थे। फिर उस बैल को मुंह मांगी कीमत पर खरीद लेते थे। उन्होंने लाखों रुपये देकर एक ऐसा ही विजयी बैल खरीदा था।

### बैलगाड़ी रेसिंग से था प्यार

पंढरीसेठ के पास महाराष्ट्र में अव्वल माने जाने वाले बादल बैल था, जिसने 11 लाख रुपये की रेस जीती थी। इससे पता चलता है कि उन्हें बैलगाड़ी रेसिंग और बैलों से कितना प्यार था।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## मुंबई में बम धमाके की आतंकी साजिश

संदिग्ध चीज मिलने की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस के साथ ही स्थानीय पुलिस, बम डिटेक्शन टीम मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड को भी जांच के लिए बुलाया गया है। डेटोनेटर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। भीड़भाड़ वाले कल्याण स्टेशन परिसर में संदिग्ध बॉक्स होने की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के बाद बॉक्स में डेटोनेटर होने का पता चला। पुलिस यह पता लगा रही है कि डेटोनेटर रेलवे स्टेशन के पास कहां से आया, क्या कोई इसे भूल गया या किसी ने जानबूझकर इसे यहां छोड़ा है। प्रारंभिक तौर पर कहा जा रहा है कि बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर का इस्तेमाल पहाड़ों को तोड़ने के लिए किया जाता है। संभवतः इस विस्फोटक सामग्री का उपयोग अवैध तरीके से निर्माण कार्य के लिए किया जाने वाला था। पुलिस की कई टीमें कल्याण स्टेशन व आसपास के परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। इस मामले की जांच चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच रहे है।

## पुणे बन रहा 'उड़ता पंजाब'

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने सोमवार को वैभव उर्फ पिंट्या माने और उसके साथियों को पकड़ा और उनके पास से साढ़े तीन करोड़ की 'म्याऊं म्याऊं' ड्रग यानी एमडी ड्रग्स जब्त की। वहीं से पुलिस की कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस ने अपने सभी सूत्र एक्टिव किए। पुणे जिले में चार जगहों पर और फिर दिल्ली में कई जगहों पर छापेमारी की गई। छापेमारी की कार्रवाई अभी भी जारी है। तस्कर पिंट्या माने से मिली जानकारी के आधार पर पुणे पुलिस ने विश्रांतवाड़ी के भैरवनगर स्थित एक गोदाम से 55 किलो ड्रग्स बरामद की। इसके बाद दौंड के कुरकुंभ एमआईडीसी में अर्थकेम फैक्ट्री पर छापा मारा गया। जहां ड्रग्स बनाने का काला कारोबार चल रहा था। यहां पुलिस ने 600 किलो से ज्यादा ड्रग्स जब्त किया। इसके अलावा जांच में इस रैकेट में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों की संलिप्तता का भी पता चला है। मेफेड्रोन ड्रग को तस्कर आम बोलचाल में 'म्याऊं-म्याऊं' कहते है। 19 फरवरी को पुणे पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की ड्रग्स जब्त की थी। पुणे पुलिस क्राइम ब्रांच की ओर से चलाए गए इस ऑपरेशन में 52 किलो से ज्यादा मेफेड्रोन ड्रग (एमडी) मिला है। बताया जा रहा है कि पुणे में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स को मुंबई भेजा जाना था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो एमडी की कीमत 2 करोड़ रुपये है। इस मामले में इंटरनेशनल कनेक्शन सामने आया है। छानबीन में पता चला है कि ये ड्रग्स मुंबई में ड्रग पेडलर्स पॉल और ब्राउन को बेची जानी थी। पॉल और ब्राउन दोनों विदेशी नागरिक बताये जा रहे हैं। दो दिन पहले पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इन तीनों आरोपियों के नाम वैभव माने, अजय करोसिया और हैदर शेख हैं। माने और हैदर के खिलाफ ड्रग तस्करी के मामले में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद अन्य जगहों पर छापेमारी की गई।

## आज से हड़ताल पर महाराष्ट्र के 8000 डॉक्टर

रेजिडेंट डॉक्टर्स ने बुधवार को अनिश्चिकालिन हड़ताल का ऐलान कर दिया है, उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को देर शाम 5 बजे से अनिश्चितकालिन हड़ताल की शुरूआत की जाएगी। इस हड़ताल की वजह बताते हुए एमएआरडी अध्यक्ष डॉ। अभिजीत हेल्गे ने बताया कि बेहतर छात्रावास, स्टाइपेंड में बढ़ोतरी और बकाया भुगतान की मांग को राज्य भर के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री को भेजी गई चिट्ठी में रेजिडेंट डॉक्टरों ने लिखा कि हमारी कई दलीलों के बाद भी ऐसा लगता है कि हमारी चिंताओं को अनसुना कर दिया गया है। इसी के चलते उन्होंने कहा कि हमारे पास अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से महाराष्ट्र की स्वास्थ्य सेवाओं में काफी परेशानी आ सकती है। डॉक्टर्स ने इसी के चलते पहले चिट्ठी में मरीजों से माफी मांगी और आगे कहा कि हम इमरजेंसी केस को देखेंगे। लेकिन मरीजों की देखभाल में कोई भी परेशानी हुई तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति पद के लिए 6 नामों में दो भारतवंशी



**वॉशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी बायोटेक कारोबारी और राजनेता विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित उप-राष्ट्रपति के तौर पर चुना है। फॉक्स न्यूज टाउन हॉल कार्यक्रम डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड और विवेक रामास्वामी का नाम लिया।

### पृथ्वी पर मंडरा रही 1360 किलो की आफत



**वॉशिंगटन।** पृथ्वी पर 1360 किलोग्राम का खतरा मंडरा रहा है! आयोलस नाम का उपग्रह वायुमंडल में गिरने वाला है। इसे यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने अगस्त 2018 में लॉन्च किया था।आयोलस का ईंधन धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। आयोलस ने 30 अप्रैल को अपना कामकाज बंद कर दिया है। यह स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से लगभग 320 किलोमीटर की ऊंचाई पर हमारे ग्रह का चक्कर लगा रहा है। आने वाले दिनों में इस स्पेसक्राफ्ट को नीचे की ओर लाया जाएगा।

ग्रीस के पीएम मित्सोटाकिस ने रायसीना डायलॉग के 9वें संस्करण में कहा

# भारत विश्व मंच पर एक महान शक्ति है और शांति तथा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सहयोगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रायसीना संवाद के 9वें संस्करण का उद्घाटन किया। ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे। ग्रीस के पीएम ने कहा कि भारत विश्व मंच पर एक महान शक्ति है और शांति तथा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सहयोगी है। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 संगठन में एक उभरती हुई शक्ति है और जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में एक अग्रणी देश है। पीएम मोदी दूरदर्शी नेता हैं।



#### खास बातें

- भारत जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में एक अग्रणी देश
- भारत ग्रीस के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश कर रहा
- भारत और ग्रीस के बीच गहरी साझेदारी



#### इंडो-पेसिफिक में ग्रीस की सक्रिय भागीदारी

*पीएम मोदी ने कहा कि हम इंडो-पेसिफिक में ग्रीस की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। यह खुशी की बात है कि ग्रीस ने इंडो-पेसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव में शामिल होने का फैसला किया है। हम इस बात पर सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत इंडो पेसिफिक में स्थिरता और सुरक्षा के मुख्य स्तंभों में से एक है।*

#### रक्षा क्षेत्रों को जोड़ने पर सहमत

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास को दर्शाता है। इस क्षेत्र में काम करने के लिए कार्यकारी समूह का गठन किया गया है। इससे हम रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद और समुद्री सुरक्षा जैसी आम चुनौतियों में सहयोग बढ़ा सकते हैं। हम दोनों देशों के रक्षा क्षेत्रों को जोड़ने पर सहमत हुए हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और ग्रीस की चिंताएं एक जैसी हैं। इस क्षेत्र में अपने सहयोग को और मजबूत करने के लिए हमने चर्चा की है।

### भारत दुनिया की सबसे तेज़ विकास कर रही अर्थव्यवस्था

ग्रीस के पीएम ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज विकास कर रही अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि ग्रीस ने पिछले वर्षों में किसी भी यूरोपीय देश की तुलना में सबसे तेज विकास दर हासिल की है। आपसी निवेश हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख लक्ष्य है। मित्सोताकिस ने कहा कि भारत पहले से ही ग्रीस के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश कर रहा है। इनमें नए हवाई अड्डे का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है।

#### साझेदारी का उत्सव मनाने का समय

*ग्रीस के पीएम ने दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने का आग्रह किया। मित्सोताकिस ने कहा कि आज दोनों देशों के बीच साझेदारी का उत्सव मनाने का समय है। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के बीच एक साझेदारी है जो समान मूल्यों को साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि ये साझेदारी दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के बीच है।*

#### द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे भारत में पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। ग्रीक पीएम 16 सालों बाद भारत दौरे पर आए हैं। यह एक ऐतिहासिक मौका है। यह खुशी की बात है कि हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

#### दोनों देशों का चुनौतियों पर समान दृष्टिकोण

विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने भी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दो सभ्यतागत देशों के रूप में, भारत और ग्रीस की मौजूदा वैश्विक व्यवस्था के विकास में योगदान का विशेष दायित्व है। दोनों देशों का स्वाभाविक रूप से चुनौतियों पर एक समान दृष्टिकोण है। विदेश मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विदेशों में अपनी पहुंच मजबूत कर रहा है, ग्रीस एक अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।

#### यूनएससी में भारत की स्थाई सीट का समर्थन

*ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस ने कहा कि हम 2028-29 के लिए यूनएएससी में भारत की स्थाई उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए बॉर्डर डायलॉग का भी समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आधिकारिक दौरे पर भारत आया हूं। पीएम मोदी के साथ मिलकर हम अपने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने का काम करते रहेंगे।*

भारत और जापान में हुआ करार

# 9 प्रोजेक्ट के लिए भारत को मिला 12,827 करोड़ का विकास ऋण



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत और जापान ने विभिन्न क्षेत्रों में नौ परियोजनाओं के विकास के लिए 232.209 अरब जापानी येन का करार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव विकासशील और भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी के बीच इससे संबंधित नोट्स का आदान-प्रदान किया गया। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

जापान सरकार ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 9 परियोजनाओं के लिए 232.20 अरब येन (करीब 12,827 करोड़ रुपए) का कर्ज देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई है। अतिरिक्त सचिव विकासशील और भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी के बीच इससे संबंधित एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

#### इन परियोजनाओं के लिए मिला ऋण

- उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 3) (किस्त 2): धुबरी-फुलबारी पुल (34.54 अरब जेपीवाई)
- उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 7): एनएच 127बी (फुलबारी-गोएरागे खंड) (15.56 अरब जेपीवाई)
- तेलंगाना में स्टार्ट-अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए परियोजना (23.7 अरब जेपीवाई)
- चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड (चरण 2) के निर्माण की परियोजना (49.85 अरब जेपीवाई)
- हरियाणा में स्थायी बागवानी को बढ़ावा देने की परियोजना (किश्त I) (16.21 अरब जेपीवाई)
- राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और परितंत्र सेवा संवर्धन के लिए परियोजना (26.13 अरब जेपीवाई)

#### सड़क और बागवानी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

मंत्रालय के मुताबिक इन परियोजनाओं में पूर्वोत्तर में सड़क नेटवर्क संपर्क, तेलंगाना में स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए परियोजना, चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड के निर्माण, हरियाणा में पर्यावरण अनुकूल बागवानी को बढ़ावा देने और राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बेहतर बनाने से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।




# ओआरडीआई की फ्लैगशिप रन रेसफॉर7 का आयोजन



**मुंबई।** ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेयर डिजीजेज इंडिया (ओआरडीआई) 25 फरवरी को भारत के 15 शहरों में अपने सालाना फ्लैगशिप रन रेसफॉर7 के लिए तैयार है। 7 किलोमीटर की इस मैरॉथान का उद्देश्य दुर्लभ रोगों के बारे में जागरुकता बढ़ाना तथा मरीजों एवं उनके परिवारों को राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय संसाधन उपलब्ध कराकर सशक्त बनाना है। रेसफॉर7 एक सालाना जागरुकता रन है, जिसका आयोजन विश्व दुर्लभ रोग दिवस के उपलक्ष्य में किया जाता है। 2016 में बैंगलुरू में अपनी शुरूआत के बाद से यह आयोजन देश भर में विस्तारित हो चुका है। इस साल 25 फरवरी को आयोजित रन में 20,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। रन का विषय होगा वन नेशन, वन डे-टुगेदर फॉर रेयर ('एक राष्ट्र, एक दिन-दुर्लभ रोगों के लिए एक साथ।')। मरीज, उनकी देखभाल करने वाले और परिवारजन, चिकित्सा जगत के पेशेवर और आम जनता सभी इस नेककाज को समर्थन देने के लिए एकमंच पर इकट्ठा होंगे। मुंबई रन की शुरूआत बांगुर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, गोरेगांव वेस्ट से होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगीता बरडे, डायरेक्टर, ऑगेर्नाइजेशन फॉर रेयर डिजीजेज इंडिया और आईक्यूवीआईए दक्षिण एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित मुकीम को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

# आसीन्द नेशनल हाइवे पर रोडवेजों का संचालन नहीं, विभाग आंखे होते हुए भी अंधा बना

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** सन 1991जिस समय खस्ताहाल सड़के बनी हुई थी तब भी इस मार्ग पर लंबी दूरी की रोडवेज बसों का संचालन हुआ करता था आज नेशनल हाइवे बनने के बाद भी आम व्यक्ति इस मार्ग पर रोडवेज बसों के संचालन से वंचित है। आसींद प्रेस क्लब के अध्यक्ष निसार अहमद शेख व संरक्षक दिनेश साहू ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि एनएच 158 राष्ट्रीय राजमार्ग ब्यावर, वाया बदनौर, आसीन्द, ब्राह्मणों की सरेरी, मांडल व भीलवाडा तक राजस्थान आगार रोडवेज बसों का संचालन नही हो रहा आप आदमी को नही मिल रही राहत। इस मार्ग पर वर्षों से निजी बस संचालको का ही प्रभाव बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग का लोकार्पण मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी द्वारा उदयपुर में 12 फरवरी को वर्चुअल लोकार्पण किया गया जिसमें बताया गया कि ब्यावर से भीलवाडा तक का सफर अब मात्र डेढ़ घण्टे में होगा मगर यह सफर आम जनता की पहुंच से बाहर है। क्योंकि इस मार्ग पर जो निजी बस सेवा है वो पूरा तीन घण्टे का समय लेती है। इसके बावजूद भी इस नेशनल हाइवे पर अब तक भी सरकार की ओर से आम जनता को किसी तरह की राहत नही है ना रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है जिससे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों वरिष्ठ नागरिक, महिला, दिव्यांगों को राहत नही मिल रही है। जबकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाए विशेष कर इन वर्गों के लिये ही है और वर्तमान में ये ही सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे है!वापस भीलवाडा डिप्पो से कोटा वाया बदनोर होते हुए ब्यावर के लिये 21 जुलाई 2021 को संचालन हुआ था और क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला द्वारा बदनौर बस स्टैंड पर रोडवेज बस की पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया था। 1 मार्च 2023 को बस वापस बन्द हो गई थी!





न्यूजीलैंड की रॉयल नेवी के नौसेना प्रमुख का भारत दौरा

# दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को सशक्त करने पर हुई चर्चा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

न्यूजीलैंड की रॉयल नेवी के नौसेना प्रमुख आरएडीएम डेविड प्रॉक्टर 19 से 27 फरवरी 2024 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रॉक्टर ने 20 फरवरी, 2024 को नई दिल्ली में भारतीय नौसेना के स्टाफ प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ बातचीत की। आरएडीएम डेविड प्रॉक्टर का साउथ ब्लॉक के लॉन में पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को सशक्त करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

#### जहाजों की आवाजाही पर डेटा साझा करेंगे

भारतीय नौसेना के स्टाफ प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की 22 अक्टूबर, 2024 को न्यूजीलैंड यात्रा के बाद से भारतीय नौसेना और रॉयल न्यूजीलैंड नेवी के बीच समुद्री सहयोग में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। आरएडीएम डेविड प्रॉक्टर की भारत यात्रा वाणिज्यिक तथा असैन्य जहाजों की पहचान, स्थान व आवाजाही पर डेटा साझा करने पर तकनीकी व्यवस्था के निष्कर्ष को प्रदर्शित करती है। इसके अलावा, दोनों देशों की नौसेनाओं के युद्धपोत एक-दूसरे के बंदरगाहों पर नियमित रूप से पोर्ट कॉल कर रहे हैं। भारतीय नौसेना की तरफ से आखिरी बार 23 सितंबर को आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सह्याद्री द्वारा ऑकलैंड तथा वेलिंगटन में पोर्ट कॉल किया गया था।



भारत और चीन के बीच हुई बैठक

# सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाली के लिए हुई कोर कमांडर स्तर पर चर्चा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच 19 फरवरी को कोर कमांडर स्तर की वार्ता हुई। चुशुल-मोल्दो सीमा पर आयोजित बैठक में वार्ता का ये 21वां दौर था। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि बातचीत मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई।

दोनों पक्ष प्रासंगिक सैन्य और कूटनीतिक माध्यम से संवाद बनाए रखने पर सहमत हुए। दोनों देशों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



#### संवाद बनाए रखने पर सहमत

दोनों पक्ष प्रासंगिक सैन्य और कूटनीतिक माध्यम से संवाद बनाए रखने पर सहमत हुए। दोनों देशों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पाक में जल्द ही नई सरकार, पीपीपी और पीएमएल-एन ने मिलाया हाथ

# शहबाज शरीफ होंगे पीएम, जरदारी होंगे राष्ट्रपति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनाव में सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटों के आंकड़ों की जोड़तोड़ की कवायद आखिरकार कामयाब होती दिख रही है। सरकार बनाने का गतिरोध समाप्त होता दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार देर रात बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अगले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ होंगे।



#### हमारे पास पर्याप्त संख्या

पीएमएल-एन के नेता शहबाज ने कहा कि "हमारे पास अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है।" उन्होंने बिलावल और जरदारी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। दोनों पार्टियों ने फैसला किया है कि जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा।

#### देशहित में बने हमराह

पीपीपी और पीएमएल-एन दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे देशहित में सरकार बनाने के लिए एक बार फिर हमराह बनेंगे। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, "पीपीपी और पीएमएल-एन के पास अब पूरी संख्या है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता (मिस्सरवाला) डोईवाला द्वारा ड्रग्स फ्री उत्तराखंड मिशन-2025 के तहत आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारम्भ किया

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता (मिस्सरवाला) डोईवाला द्वारा ड्रग्स फ्री उत्त्राखण्ड मिशन-2025 के तहत आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आह्वान किया कि प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाने के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान के लिये लोगों को प्रेरित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गयी है। यह मानव जीवन से जुड़ा विषय है। मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले युवा रक्तदानदाताओं से मुलाकात भी की तथा उनके इस पुनीत कार्य के लिये उनका उत्साहवर्द्धन करते हुये उनकी प्रशंसा की।इस मौके पर मुख्य मंत्री ने आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता संस्था की अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक श्रीमती आशा कोठारी, सचिव श्री हरीश कोठारी के इस पुनीत प्रयास की सराहना की। दून हॉस्पिटल ब्लड बैंक देहरादून से डॉक्टर शशी उप्रेती, डॉक्टर नितेष गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रक्तदान में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदानदाता तथा संस्था से जुड़े सैकडो पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, छात्र नेता विनायक नौटियाल, गुरजीत सिंह लाडी, पंकज शर्मा आदि भी उपस्थित थे।



# जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता एवं गोपनीयता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की 27 फरवरी 2024 से प्रारम्भ होने वाली कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में श्री गुरू राम राय लक्ष्मण इण्टर कॉलेज, पथरी बाग, देहरादून के सभागार में जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने जनपद देहरादून के कुल 125 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक एवं कस्टोडियनों को बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता एवं गोपनीयता के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रो के निकट यातायात व्यवस्था नियत्रित करें, जिससे कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा केन्द्रो तक पहुंचने में असुविधा न हो, साथ ही उनके द्वारा बैठक में उपस्थित उपजिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर को परीक्षा केन्द्रों के निकटवर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की रैलियां एवं प्रदर्शन करने की अनुमति कदापि न दिए जाने निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को प्रत्येक परीक्षा केन्द्रो विशेषकर संवेदनशील केन्द्रो पर परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता बनाये रखने हेतु पुलिस बल तैनात किये जाने एवं समय समय पर परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण करने के साथ ही रात्रि गस्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों को एक सामूहिक वाट्सएप्प ग्रुप बनाये जाने एवं आपसी समन्वय स्थापित कर परीक्षा सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया, उनके द्वारा कहा गया कि परीक्षा निर्विवाद सम्पादित किये जाने हेतु सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक एवं कस्टोडियन जिला प्रशासन एवं अपने उच्च स्तरीय शिक्षा अधिकारी एवं बोर्ड कार्यालय से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।उन्होने कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केन्द्रो पर डबल लॉक आलमारी की व्यवस्था करने के साथ ही रात्रि चौकीदार की व्यवस्था एवं परीक्षा तिथि को प्रश्नपत्र के लिफाफे खोलने में पूर्ण सावधानी बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून सहित समस्त जनपदीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापक एवं कस्टोडियनों को परिषदीय परीक्षा 2024 निर्विवाद सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित करने के साथ ही अग्रिम शुभकामनाये दी गयी। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के सम्बन्ध में तैयारियों का विवरण जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, उप जिलाधिकारी मसूरी दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि गोस्वामी, उप जिलाधिकारी डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, विकासनगर विनोद कुमार, चकराता योगेश सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह रावत, बी०ई०ओ०-डोईवाला श्रीमती मंजू भारती, बी०ई०ओ०रायपुर- हेमलता गौड़, बी०ई०ओ० सहसपुर कुन्दन सिंह, बी०ई०ओ० कालसी भुवनेश्वर जदली, बी०ई०ओ० विकासनगर - विनीता कठैत, प्रधानाचार्य - गुरू राम राय लक्ष्मण इण्टर कालेज, राकेश मोहन डबराल, संचालन भाष्कर रावत, राम बाबू विमल एवं श्रीमती सीमा रावत सहित परीक्षा प्रभारी विपिन रावत, शेर सिंह बिष्ट के साथ ही जनपद में निर्धारित 125 परीक्षा केन्द्रो के केन्द्र व्यवस्थापक एवं कस्टोडियनों उपस्थित रहे।

# निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का दूसरा चरण

**हरिद्वार।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन दिनांक 25 फरवरी, 2024, दिन रविवार को प्रातः 08:00 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना छठ घाट, आई. टी. ओ. से होने जा रहा है। संत निरंकारी मण्डल के मसूरी जोन 55 के हरिद्वार मीडिया सहायक हेमा भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था।

# संत रविदास जयंती के मद्देनजर सकुशल सम्पन्न कराने के लिए इमली खेड़ा चौकी में गणमान्य लोगों की मीटिंग का आयोजन किया गया



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार आज दिनांक 21 फरवरी 24 को थाना पिरान कलियर क्षेत्र अंतर्गत चौकी इमली खेड़ा परिसर में चौकी क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आगामी संत रविदास जयंती के मद्देनजर सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्र के गणमान्य लोगो की बैठक आयोजन किया गया जिसमें समस्त व्यक्तियों से रविदास जयंती के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने की अपील की गयी व वरिष्ठ अधिकारीगणो द्वारा जारी निदेशों का पालन करने को कहा गया। इस मौके पर पिरान कलियर थाना प्रभारी दिलबर नेगी ने बैठक को अस्त वस्त करते हुए जरूरी हिदायत दी और कहा कि सभी के सहयोग से सामाजिक कार्यक्रम को सम्पन्न कराया जाता है और एक दूसरे के आयोजन भाग लेना चाहिए जिससे भाईचारा बढ़ता है और आगे कहा कि अगर कोई शरारती तत्व दिखे उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे।

# कलियर पुलिस ने शांति भंग करने पर 2 अभियुक्त को भेजा जेल



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** दिनांक 21.02.24 को ग्राम धनोरा थाना कलियर में जमीन के कब्जे को लेकर लडाई झगडा होने की सूचना प्राप्त हुई, प्राप्त सूचना पर उप निरीक्षक मनोज सिरोला चौकी प्रभारी धनौरी चेतक कर्म०गण द्वारा तत्काल धनोरा टंकी के पास आपस में लड़ झगड़ रहे थे पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया, परन्तु उपरोक्त दोनों मरने मारने पर उतारू रहा किसी संज्ञेय अपराध किये जाने के दृष्टिगत उपरोक्त व्यक्ति को अन्तर्गत धारा-151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण को मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव में चार सो सीटे जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की तीसरी बार कमान संभालेंगे-अभिषेक सुन्दरियाल

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**रुड़की हरिद्वार।** भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक सुन्दरियाल ने आज पतंजली मे स्वामी रामदेव से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शिष्टाचार भेंट की और भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। अभिषेक सुन्दरियाल आज बाबा रामदेव से शिष्टाचार भेंट करने पतंजलि पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने बाबा रामदेव से शिष्टाचार भेंट करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चर्चा की और देश में आयुर्वेद उपचार की तरफ बढ़ रहें लोगो के बारे में बात की। और आज कल देश और विदेश के लोगो में योग के प्रति जागरूकता पर भी चर्चा की। भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक सुंदरियाल ने कहा है कि आज बाबा रामदेव जी से भेंट हुई है। आज की मुलाकात बहुत ही सकारात्मक रही है। मैंने बाबा रामदेव जी से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद लिया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बॉलीवुड विग डिजाइनर जीतेन्द्र एस साळवी (बाला) को फिल्म एनीमल के लिए अखंड भारत गौरव अवॉर्ड से सम्मानित









**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** श्री जितेंद्र सालवी यानी के बाला भाई यह अपने बडे भाई साहब और गुरु श्री सुरेंद्र सालवी जी के मार्गदर्शन से पिछले २२ सालोंसे हिंदी, मराठी, गुजरती,तमिल, तेलगू, कन्नडा फिल्म जगत में श्री अमिताभ बच्चन श्री अनुपम खेर, श्री बोमन ईरानी, श्री संजय दत्त, श्री चिरंजीवी, श्री मोहनबाबू  और अन्य ज्येष्ठ कलाकारोंके साथ एवं शाहरुख, सलमान,आमिर,सैफ अली, प्रभास, रामचरण, जुनि एन. टी.आर., विकी कौशल, रणबीर कपूर,और रणवीर सींग जैसे बड़े कलाकारोंके लिए हेयर विग, दाढ़ी, मुष्ताच, यह सब बनाने का काम बखूबी कर रहे है। इन्होने हालही में एनीमल, डंकी, सलार, सॅमबहादुर, आर आर आर, पीएस १ और २, बाहुबली १ और २, केजीएफ २, इन सुपरहीट फिल्मों में और कुलमिलाकर १५० से ज्यादा फिल्मो में मुख्य कलाकारों के लिए विग और हेयर एक्सटेंशन बनांने का काम किया है।

मुंबई की बहुचर्चित व सर्वाधिक लोकप्रिय 'मुंबई ग्लोबल' साप्ताहिक समाचार पत्र के सम्पादक व प्रकाशक राजकुमार तिवारी और 'मयूरी मीडिया वर्क' के पुनीत खरे के द्वारा पिछले दिनों अंधेरी (मुंबई) स्थित 'मुक्ति कल्चरल हब' के प्रेक्षागृह में आयोजित अखंड भारत गौरव अवॉर्ड (चतुर्थ सीजन) २०२४ समारोह बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बॉलीवुड सिंगर पद्मभूषण उदित नारायण और  डिस्को डांसर फेम सिंगर विजय बेनेडिक्ट के अलावा 'मुंबई ग्लोबल' के संपादक राजकुमार तिवारी की माता श्रीमती सरस्वती देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस आयोजन के सह-आयोजक राम प्रसाद शर्मा थे। इस अवॉर्ड समारोह के आयोजक पुनीत खरे ८० के दशक से ही बतौर फिल्म प्रचारक (पीआरओ) एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपनी विशिष्ट छवि कायम कर चुके हैं। इवेंट मैनेजमेंट की दुनिया में काफी एक्टिव हैं। अवॉर्ड समारोह के मुख्य अतिथि बॉलीवुड सिंगर पद्मभूषण उदित नारायण को भी 'इंडियन स्टार्स अवॉर्ड' देकर सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड समारोह में फिल्म विधा से जुड़े अन्य प्रतिभाओं को भी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। जिनमें डिस्को डांसर फेम सिंगर विजय बेनेडिक्ट, अमन त्रिखा, विग डिजाइनर जीतेन्द्र साळवी, बॉलीवुड फोटोग्राफर रमाकांत मुंडे, बॉलीवुड सिंगर अलका भटनागर (यूएसए), मोहम्मद



अयाज, रिद्धिमा तिवारी (टीवी व फिल्म एक्ट्रेस), मन कौर (सिंगर), मनोज अग्रवाल (निर्देशक), मोसेस फर्नांडिस (एक्शन डायरेक्टर), चाहत पाण्डेय (एक्ट्रेस), चंद्रशेखर दत्ता (केरला स्टोरी फेम ), अमोल प्रकाश बवदंकर (एक्टर/प्रोड्यूसर), काव्या प्रकाश जाधव (एक्ट्रेस /मॉडल), डोल्मा ठाकुर (एक्ट्रेस /मॉडल), तरल पटेल (मॉडल,एक ट्रेस,ब्लॉगर,सोशल एक्टिविस्ट), अनिता सोनी (लिरिक्स राइटर), वैशाली भाऊर्जर (एक्ट्रेस /मॉडल), यतींद्र रावत (राइटर/डायरेक्टर), मोहित त्यागी (स्पेशल इफेक्ट सुपरवाइजर ), जश्न अग्निहोत्री (ओटीटी क्वीन), अखिलेश चौधरी (नेशनल प्रेसिडेंट,मानव सेवा संस्थान), शीबा शेख (एक्ट्रेस), पीयू चौहान (इंडियन शकीरा), कुमार सिद्धार्थ (जूम मंत्रा ), मधुलग्न दास (साउथ एक्ट्रेस), अमरजीत सिंह (बिजनेस मैनेजर), अशोक शेखर (प्रोड्यूसर), मनीषा पुनीत खरे (प्रेसिडेंट आरटीआई सेल), काली दास पाण्डेय (फिल्म पत्रकार), राकेश कपूर (सिंगर), मुनमुन चक्रवर्ती (फैशन डिजाइनर ), हंसिका भवारे (एक्ट्रेस), राजू टांक (इवेंट ऑर्गनाइजर), सुचिता सिंह (ब्रांड एंबेसडर,अखंड भारत गौरव अवॉर्ड विथ क्राउन,सास, सर्टिफिकेट ट्रॉफी), अनुराधा विश्वनाथन (मिस एशिया वर्ल्ड २०२३),सी ए रमेश नगर (सोशल सर्विस), इसरार अहमद (प्रोड्यूसर/डायरेक्टर), डॉक्टर जयश्री नैयर (इंटरनेशनल पीस एंबेसडर), चंद्रप्रकाश माझी (इंटरनेशनल फोटोग्राफर), श्रद्धा रानी शर्मा (पॉपुलर रियलिटी शो फेस), काजल कुशवाहा (एक्ट्रेस), पार्थ कोटक (एडिटर-के एस न्यूज), शिल्पी जायसवाल (सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट), डॉक्टर विजय चांडक (नेचरस्लम को.), रमेश गुजराल (पारा कमांडो), मीरा जोशी (एक्ट्रेस /मॉडल), डॉक्टर एम. सैय्यद नजीर (ग्रीन एक्टिविस्ट, एनवायरोमेंटललिस्ट, सोशल वर्क), योगेश लखानी (ब्राइट मीडिया), किशोर डी कोटागिरे (बिजनेसमैन), मीरा काजी (एक्ट्रेस), कौशिक शाह (सीएमडी,वंदु मसाला),आशुतोष पांडेय (बिजनेसमैन), अमित चोपड़ा (बिजनेसमैन), विजय अहीर (डायरेक्टर,प्लानिंग), लवकुश कुमार सिंह (एक्सीलेंट वसेटाइल हिंदी पोएट,लिरिक्स राइटर), विनोद बनकर (एक्सीलेंट हेयर,ब्यूटी एक्सपर्ट), जितेंद्र सालवी बाला (नेचुरल हेयर), शैलेश बी तिवारी (सीएमडी पी क्लब एजुकेशन) और श्रेया देशमुख (एक्ट्रेस /मॉडल) के नाम उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन वैभव शर्मा ने किया। विदित होकि 'मुम्बई ग्लोबल ग्रुप' ने अपनी उल्लेखनीय सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से न सिर्फ पूरे देश में बल्कि पड़ोसी देशों में भी कम समय में अपनी पहचान कायम की है। झारखंड की धरती से जुड़े जुझारू व कर्मठ समाजसेवी राजकुमार तिवारी के द्वारा पिछले १८ वर्षो से मुंबई ग्लोबल अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। आयोजक राजकुमार तिवारी का कहना है कि इस तरह के अवार्ड शो करने का उनका खास उद्देश्य है कि जो व्यक्ति अपने अपने क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको यह अवार्ड प्रदान कर प्रोत्साहित करना और उनके लिए बेहतर प्लेटफॉर्म मुहैया कराने में सहायता करना है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# दिशा पटानी का भी दमदार अंदाज

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा की अपकमिंग फिल्म 'योद्धा' का फैंस काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के नाम से ही साफ पता चल रहा है कि इसमें कमाल के एक्शन सीन्स देखने को मिलने वाला है। तभी तो फैंस इस फिल्म की रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने फिल्म का टीजर शेयर कर दिया है, जिसे देख फैंस के बीच खलबली मच गई है। 'योद्धा' के टीजर में सिद्धार्थ ताबड़तोड़ एक्शन और फाइट करते दिखाई दे रहे हैं। टीजर की शुरुआत एक प्लेन के हाईजैक से होती है। जहां धांसू स्टाइल में सिद्धार्थ मल्होत्रा कमांडो के तौर पर एंट्री लेते हैं, और फिर दुश्मनों के पसीने छुड़ाते नजर आते हैं। वहीं 'योद्धा' के टीजर में जहां एक तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा आतंकियों के साथ जबरदस्त एक्शन करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दिशा पाटनी इसमें एयर होस्टस के किरदार में नजर आती हैं। हालांकि टीजर में उनकी सिर्फ एक झलक ही देखने को मिलती है। लेकिन एक्ट्रेस की वह एक झलक ही इतनी दमदार है कि एक्ट्रेस के किरदार को जानने की एक्साइटमेंट बढ़ा रही है।फिल्म के टीजर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया है। फैंस 'योद्धा' के टीजर को काफी पंसद कर रहे हैं।



# डॉन 3 में ये एक्ट्रेस लेगी प्रियंका चोपड़ा की जगह

फरहान अख्तर ने जब से डॉन 3 का ऐलान किया है तब से ये फिल्म खूब सुर्खियों में बनी हुई है। जहां एक तरफ लीड एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह को फिल्म में कास्ट किया गया तो वहीं दूसरी तरफ इस बात की भी चर्चा शुरू हो गई आखिर फिल्म में कौन सी एक्ट्रेस नजर आएगी? वो कौन होगी जो प्रियंका चोपड़ा की जगह लेगी? अब बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की मानें तो इन सवालों का जवाब मिल गया है। रिपोर्ट में डॉन 3 के लिए कियारा आडवाणी का नाम बताया जा रहा है। सूत्र के हवाले से बताया गया कि फरहान को लगता है कि कियारा इसके लिए फिट हैं। वहीं कियारा भी इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। जानकारी दे दें कि 19 फरवरी को फरहान के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई, जिसमें बताया गया कि 20 फरवरी को डॉन 3 से जुड़ा कुछ बड़ा ऐलान होने वाला है। ऐसे में अब कहा जा रहा है कि हो सकता है कि प्रोडक्शन हाउस की तरफ से जिस घोषणा की बात की जा रही है, वो कियारा आडवाणी के बारे में ही हो। प्रियंका चोपड़ा की जगह लेंगी जहां डॉन में बतौर लीड एक्टर रणवीर ने शाहरुख की जगह ली तो वहीं अब इस रिपोर्ट के अनुसार कियारा प्रियंका की जगह ले सकती हैं। डॉन के पिछले दोनों पार्ट में प्रियंका ही दिखी थीं। उन्होंने मोना का रोल प्ले किया था। लोगों ने उन्हें उस किरदार में खूब पसंद किया था।





# रोहित ने जांची अर्जुन की खलनायक बनने की क्षमता

अर्जुन कपूर उन अभिनेताओं में से हैं, जो फिल्मी परिवार से होने के बावजूद भी इंडस्ट्री में संघर्ष कर रहे हैं। डेब्यू के 12 साल बाद अब अर्जुन किरदारों के साथ प्रयोग करने का मन बना चुके हैं। वह रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' में खलनायक बन धमाल मचाने वाले हैं। अभिनेता को इस रूप में देखने के लिए दर्शक बेकरार हैं। इस बीच अब अर्जुन ने खुलासा किया है कि रोहित ने उन्हें खलनायक बनने के लिए प्रेरित किया। अर्जुन ने 'सिंघम अगेन' के उनके नए अवतार के बारे में खुलासा किया और कहा कि उन्होंने इस भूमिका को निभाने के लिए बहुत मेहनत की है।